हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 23 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 20.1 डिग्री

12 रंगारंग प्रस्तुतियों से पृथ्वी को बचाने का दिया संदेश



12 कांग्रेस ने की 'मेरा झंडा मेरा गौरव' अभियान की शुरूआत



# माता बाला सुंदरी मंदिर में मां की दिव्य पिंडी के दर्शनों के लिए उमड़े श्रद्धालु


## पुलिस की ओर से सुरक्षा मुहैया न करवाए जाने से कमेटी पदाधिकारियों में भारी रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

चौदस के पावन अवसर पर महामाई बाला सुंदरी मंदिर में मां की दिव्य पिंडी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा। मंदिर प्रांगण में कपाट खुलते ही मां के जयकारे गुंजने लगे। श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी। भीषण गर्मी में भी मां के भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। मंदिर कमेटी सदस्यों और ग्रामीणों ने भीड़ में लगे श्रद्धालुओं के लिए पानी, नींबू पानी, जलजीरा व अन्य प्रकार से सेवा की। मंदिर प्रांगण सहित विभिन्न जगहों पर लोगों ने मां के अटूट भंडारों का आयोजन किया। रविवार की रात को माता मंदिर प्रांगण में मंदिर कमेटी द्वारा विशाल जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें जागरण पार्टी नमीोही म्यूजिकल ग्रुप ने भजनों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

■ मेले में दूर दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने माथा टेका एवं मन्नते मांगी





मुलाना। मंदिर में लगा श्रद्धालुओं का तांता व मंदिर कमेटी के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### भीड़ संभालने का काम मंदिर कमेटी सदस्यों ने किया

मेले में सुरक्षा व्यवस्था व भीड़ को नियंत्रित करने में मंदिर कमेटी को खुब पसीना बहाना पड़ा। कारण नवरात्र मेले से पुलिस का पूर्ण सहयोग न मिल पाना रहा। जिसके चलते मंदिर कमेटी में पुलिस के प्रति भारी रोष है। मंदिर कमेटी प्रधान सोमप्रकाश व सचिव अशोक राणा ने बताया कि मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने माथा टेका। प्रशासन को बताने के बावजूद पुलिस कर्मियों की संख्या कम रही। हालांकि चतुर्दशी के दिन पुलिस मेले में पंहुचकर औपचारिकता करने जरूर पंहुची। कमेटी ने बताया कि रविवार रात को मंदिर प्रांगण में आयोजित जागरण में कहने के बावजूद मुलाना पुलिस नहीं आई। जबकि मंदिर प्रांगण में हजारों की भीड़ मौजूद थी। इसी प्रकार चौदस की सुबह को ही मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लग गई थी लेकिन उन्हें संभालने का काम मुलाना पुलिस की बजाय मंदिर कमेटी सदस्यों ने किया। कमेटी सदस्यों के अनुसार पुलिस नवरात्र मेले में भी कुछ मिनटो के लिए आती थी जबकि मंदिर में भीड़ सुबह ही हो जाती थी और भीड होते ही पुलिस कर्मी गायब हो जाते थे। चौदस के दिन पुलिस ने मंदिर पंहुच औपचारिकता की।

उन्होंने बताया कि इस बार मेले से एक मोटरसाइकिल व एक महिला के गले से सोने की चेन भी चोरी हो चुकी है। अगर पुलिस अपनी जिम्मेवारी समझती और मेले में मुस्तैद रहती तो ऐसा न होता। मंदिर कमेटी सदस्यों के अनुसार किसी थाना प्रभारी का इस प्रकार का रवैया पहली बार देखने को मिला है जोकि गैर जिम्मेदाराना है।

# मंदिर में बाउंसरों के तैनात करने से श्रद्धालुओं में रोष



लाडवा। माता बाला सुंदरी मंदिर के पिछले दरवाजे पर बांउसर से गुहार लगाती एक महिला। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाडवा

लाडवा के माता बाला सुंदरी मंदिर में चौदस पर्व पर हुए आठ दिवसीय मेले के शुभारंभ पर मंदिर के पिछले गेट की तरफ बाउंसर खड़े करने से श्रद्धालुओं में मंदिर कमेटी के प्रति पूरा दिन रोष बना रहा। मंदिर में पहुंचे श्रद्धालु योगेन्द्र कुमार, पवन बंसल, आशीष फौजदार, रिपन, दीपक, अरूण आदि ने कहा कि मंदिर कमेटी के पुजारियों द्वारा मंदिर के गेट पर बाउंसर खड़े किये गए। जिन्होंने लोग श्रद्धालुओं के साथ बदतमीजी की। जिसके कारण श्रद्धालुओं में मंदिर कमेटी के प्रति रोष बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि मंदिर कमेटी का यह कोई फर्ज नहीं बनता है कि श्रद्धालुओं को मंदिर में जाने से रोका जाए। वैसे तो सभी श्रद्धालु मंदिर के मेन गेट से मां भगवती के दर्शन करने के लिए जा रहे थे। परंतु कुछ बुजुर्ग व बीमार लोग मंदिर के पिछले दरवाजे से मां भगवती के दर्शन करना चाहते थे। परंतु बाउंसर द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया किया गया। जिसको लेकर श्रद्धालुओं में मंदिर कमेटी के खिलाफ रोष बना हुआ है।

### सभी आरोप निराधार

वही माता बाला सुंदरी मंदिर के पुजारी भरत राम ने कहा कि लोगों द्वारा सभी आरोप निराधार है। मंदिर में भीड़ बहुत अधिक होने के कारण बाउंसर पिछले दरवाजे की ओर खड़े किये गए थे ताकि अव्यवस्था न हो और किसी को कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि किसी ने भी किसी श्रद्धालु के साथ कोई अभद्र व्यवहार नहीं किया है।

## खबर संक्षेप

### हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम आज

कुरुक्षेत्र। श्रीहनुमान सेवा समिति द्वारा ब्रह्मसरोवर स्थित सिद्धपीठ श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव 23 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रबंधक विजय कुमार शर्मा व पुजारी डा. हिमांशु शर्मा ने बताया कि मंदिर के संरक्षक एवं प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. प्रेम कुमार शर्मा के सान्निध्य में संगीतमयी सुंदरकांड पाठ एवं पाठ का भोग प्रसाद, केक सैरामनी तथा विशाल भंडारा हनुमान जन्मोत्सव पर मंगलवार को होगा। इससे पूर्व सुबह 7 बजे हनुमान जी का श्रृंगार एवं गणवेश धारण होगा, 7:30 बजे ध्वजारोहण, 8 बजे खिचड़ी-चाय-मिष्ठान का जलपान, 10 बजे सुंदरकांड पाठ आरंभ होगा, दोपहर 12 बजे भोग प्रसाद के बाद विशाल भंडारा होगा।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने आरोपी राहुल को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 8 अगस्त 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 30 जुलाई 2021 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतू उसे प्रताड़ति कर जान से मारने की धमकी देते आ रहे हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### हादसे में नामालूम व्यक्ति की मौत

**अंबाला।** दिल्ली चंडीगढ़ हाइवे के फ्लाइओवर के उपर नजदीक जंडली पुल के पास एक नामालूम व्यक्ति की सडक़ दुर्घटना में मृत्यु हो गई है। व्यक्ति का शव शिनाख्त हेतू नागरिक अस्पताल में रखा गया है। मुख्य सिपाही मोहिंद्र सिंह ने बताया कि 19 अप्रैल को फ्लाइओवर के उपर नजदीक जंडली पुल के पास एक नामालूम व्यक्ति सडक़ दुर्घटना में घायल हो गया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### बाउंसर की हादसे में जान गई

**पानीपत।** समालखा कस्बे में एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक चालक आशीष निवासी गांव देहरा जिला पानीपत नीचे गिर गया और ट्रक उसके ऊपर से उतर गया। हादसे में आशीष की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के भाई मनीष की शिकायत पर समालखा पुलिस ने ट्रक चालक पर केस दर्ज किया।

# केयू के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केन्द्र को मिला सीएसआर अवार्ड 2024

हरिभूमि न्यूजः कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केन्द्र को कॉम्पिटिशन सक्सेस रिव्यू (सीएसआर) अवार्ड 2024 मिला है। केन्द्र की निदेशिका प्रो. मंजूला चौधरी ने सीएसआर टॉप यूनिवर्सिटी ऑफ इंडिया फॉर एक्सीलेंस 2024 अवार्ड, 21 अप्रैल 2024 को दिल्ली में आयोजित एक समारोह में ग्रहण किया। इस उपलब्धि के लिए कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने केन्द्र की निदेशिका प्रो. मंजूला चौधरी को बधाई दी और कहा कि केयू के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केन्द्र के सभी कोर्स उच्च स्तर के हैं। इसके प्रति विद्यार्थियों में जबरदस्त आकर्षण है और इस बार ऑनलाइन कोर्सिज होने के कारण दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों का रुझान ओर अधिक बढ़ा है। कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने भी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ के मार्गदर्शन में यह अवार्ड शिक्षकों के अथक प्रयास एवं मेहनत का परिणाम है।

■ केन्द्र की निदेशिका प्रो. मंजूला चौधरी ने दिल्ली में आयोजित एक समारोह में अवार्ड ग्रहण किया

प्रो. मंजूला चौधरी ने कहा कि केन्द्र दूरस्थ और ऑनलाइन शिक्षा द्वारा देश-विदेश में उच्च, नवीनतम व गुणवत्तापूर्ण शक्षिा प्रदान कर रहा है। केन्द्र द्वारा संचालित सभी कोर्स यूजीसी और एआईसीटीई की गाइडलाइन के अनुरूप चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि गत सप्ताह द नॉलेज रिव्यू मैगजीन ने कुवि के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केन्द्र को भारत में सबसे प्रमुख दूरस्थ शिक्षा संस्थानों की वार्षिक सूची में शामिल किया है। मैगजीन के अनुसार कुवि का दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केन्द्र भारत के दूरस्थ शिक्षा परिदृश्य में उत्कृष्ट शक्षिा प्रदान करने वाला संस्थान है।



# तेजधार हथियार से बुजुर्ग की हत्या

अंबाला। रविवार की देर रात उत्तर प्रदेश के बुजुर्ग व्यक्ति को तेजधार हथियार से हमला करके मौत के घाट उतार दिया। हत्या की वजह व वारदात को अंजाम देने वाले का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। वारदात अंबाला छावनी के कुलदीप नगर स्थित गुलाटी कॉम्प्लेक्स की है। मृतक की शिनाख्त यूपी के जिला गौंडा के गांव कंडोरा के जय बहादुर (70) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, जय बहादुर के शरीर पर चोट के निशान हैं। पुलिस को उसके साथ काम करने वाले जिला गोपालगंज के सुभाष ने सूचना दी। हत्या की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।मामले की जांच कर रहे एएसआई बलकार सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है। बुजुर्ग के परिजनों को भी सूचित कर दिया है। जांच अधिकारी ने बताया कि जल्द ही बुजुर्ग के हत्यारे को काबू किया जाएगा।

# डंपर चालक ने एक्टिवा सवार महिला को चपेट में लिया, मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें स्कूटी सवार मां-बेटे को गंभीर चोटें आई। दोनों को अंबाला शहर के सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया। यहां डॉक्टरों ने 5 साल के मासूम बच्चे को मृत घोषित कर दिया। हादसा पंजोखरा थाना एरिया के अंतर्गत गांव गरनाला के पास हुआ है। पुलिस के मुताबिक अंबाला शहर के जंडली की रीना अपनी स्कूटी पर 5 साल के बेटे जतिन के साथ किसी काम से जा रही थी। जैसे ही वह दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे अंबाला सिटी से नारायणगढ़ रोड पर गांव गरनाल के पास पहुंची तो तेज रफ्तार डंपर ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में मां-बेटे दोनों को गंभीर चोटें आई थी। दोनों को घायल अवस्था में अंबाला सिटी के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने मां को भर्ती कर लिया, जबकि उसके बच्चे को मृत घोषित कर दिया। आरोपी चालक डंपर घटनास्थल पर छोड़ फरार हो गया। सूचना मिलने के बाद पंजोखरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और डंपर को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस हादसे में घायल महिला व उसके परिजनों के बयान दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

■ नारायणगढ़ रोड पर गांव गरनाल के पास हुई वारदात, आरोपी चालक डंपर घटनास्थल पर छोड़ फरार हो गया





अंबाला। हादसे को अंजाम देने वाला डंपर व मौके पर जमा लोग।

# महिला की शिकायत पर युवक के खिलाफ केस

यमुनानगर। शहर की एक कॉलोनी निवासी 45 वर्षीय महिला ने साहिल उप्पल नाम के युवक पर गाली गलौज करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपी उस पर नग्न होकर वीडियो काल करने का दबाव बना रहा है। उसके व्हाट्सएप पर अश्लील शब्द लिख रहा था। शहर की एक कॉलोनी निवासीम महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके मोबाइल पर बूडिया गेट निवासी साहिल उप्पल ने कॉल किया। आरोपी ने उसे गलियां दी और कपड़े उतारकर वीडियो काल करने को बोला। जब उसने आरोपी को मना किया तो वह उसे धमकी देने लगा। जिस पर उसने कॉल काट दी। जब वह अपने पति के साथ आरोपी को समझाने के लिए गई तो आरोपी ने उसके साथ गाली गलौच की और उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

■ युवक महिला पर नग्न होकर वीडियो कॉल करने का बना रहा था दवाब

### 20 लाख की ठगी में दो काबू

पानीपत। पानीपत के गांव बडौली निवासी सतीश को धोखाधड़ी से 1 लाख का घोड़ा 21 लाख में बेचकर ठगी करने वाले गिरोह के दो और आरोपियों मनप्रीत निवासी सुंदरगढ़ मानसा पंजाब व अनिल उर्फ इलमु निवासी ढाकल जीन्द को सीआईए टू पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर थाना सदर में केस दर्ज है। वहीं पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है।

### वाहान की टक्कर से युवक की मौत

**पानीपत।** पानीपत के नए बस अड्डे के सामने पुल के नीचे लोडिंग गाड़ी चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार दो दोस्त शोभित कुमार निवासी जिला लखीमपुर, यूपी व सुमन कुमार यादव निवासी जिला दरभंगा, बिहार हाल निवासी गांव नांगल खेडी नीचे गिर गया। जबकि वाहन सडक पर गिरे शोभित को कुचल गया।

फ्री मेगा कैंसर कैंप
+ पोजीट्रोन
सुपर स्पेशलिटी एवं कैंसर अस्पताल
कीमोथेरेपी
सर्जरी
रेडिएशन
25 अप्रैल 2024, वीरवार | सुबह 10 से 2 बजे तक
74 96 96 50 54 | Sector-35, Suncity, Rohtak

## खबर संक्षेप

### नागरिक अपनी प्रॉपर्टी आईडी करें स्व-प्रमाणित

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने सभी नागरिकों से अपील करते कहा है कि वे एन.डी.सी. पोर्टल पर अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. के डाटा को स्व-प्रमाणित करें तथा प्रॉपर्टी आई.डी. के डाटा को लॉक करें। उन्होंने बताया कि प्रॉपर्टी आई.डी. को लॉक करने से कोई अन्य व्यक्ति उससे किसी प्रकार की छेड़ख़ानी नहीं कर सकता और न ही उसमें कोई तबदीली लाने के लिए आपत्ति दर्ज कर सकता। ऐसा करने से सम्बंधित प्रॉपर्टी मालिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करेंगे। उन्होंने बताया कि एन.डी.सी. पोर्टल पर प्रॉपर्टी आई.डी. के डाटा को स्व-प्रमाणित करते ही प्रॉपर्टी आई.डी. लॉक हो जाती है।

### उम्मीदवार के खाते में जुड़ेगा बल्क एसएमएस का खर्च

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उपचुनाव में प्रचार के दौरान उम्मीदवार द्वारा थोक में भेजे जाने वाले एसएमएस का खर्च भी संबंधित उम्मीदवार के खाते में जोड़ा जाएगा। चुनावी प्रचार अवधि के दौरान वैकल्पिक निर्वाचन के प्रचार के लिए बल्क (थोक) में भेजे गए एसएमएस की जानकारी जिला प्रशासन व संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी को मिलने पर वह सेवा प्रदाता से इस पर हुए व्यय का अनुमान लगवाकर इसे उम्मीदवार के खाते में जोड़ देगा।

### महाबीर मन्दिर मे श्री राम कथा आज

**तरावड़ी।** हर वर्ष की भांति इस बार भी श्री हनुमान प्रकटोत्सव के अवसर पर



महावीर मंदिर डेरी वाले में 23 अप्रैल दिन मंगलवार को भव्य कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में श्री राम कथा एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए महावीर मंदिर के प्रधान पार्षद सुरेंद्र खुराना ने बताया कि मंगलवार को प्रातः दस बजे से श्री सुंदरकांड पाठ एवं राम कथा का कार्यक्रम किया जाएगा।



### मतदाता जागरूकता को चलाया अभियान

**करनाल।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु स्वीप कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला सूचना एवं लोक-सम्पर्क विभाग करनाल की टीम द्वारा गांव-गांव जाकर लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। विभाग की टीम द्वारा सोमवार को नगर पालिका क्षेत्र नीलोखेड़ी व रायपुर रोड़ान, मनक माजरा गांव में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की गई। टीम द्वारा अपील की गई कि आने वाली 25 मई को सभी वयस्क नागरिक अपने मत का प्रयोग अवश्य करें।

## श्रीराम कथा में बताया श्रीराम के मर्यादा पुरुषोत्तम होने का महत्व


# चरित्र एवं आचरण से भगवान को पा सकते हैं : देवी सुदीक्षा

इंसान के लिए श्रीराम के चरित्र को धारण करना ही कथा को सुनने का महत्व है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

श्री राम की कथा कोई औपचारिकता नहीं है बल्कि श्रीराम के चरित्र को धारण करना ही कथा को सुनने का महत्व है। व्यक्ति का व्यक्तित्व उसकी धन दौलत से नहीं बल्कि व्यक्ति का चरित्र उसका व्यक्तित्व दर्शाता है। श्री हनुमान जी प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य मे श्री हनुमान सेवा समिति की ओर मां अन्नपूर्णा आश्रम मे दूसरे दिन की कथा मे सुश्री देवी सुदीक्षा सरस्वती रामायणी ने कहा। सोमवार को कार्यक्रम मे ज्योति प्रज्जवलित करके श्रीराम कथा का शुभारंभ किया। उसके तत्पश्चात मुख्य रूप से कथा व्यास स्वामी रामानन्द सरस्वती नकुड़ वालें की परम शिष्या सुश्री देवी सुदीक्षा सरस्वती रामायणी ने कहा कि कथा का श्रवण इतना महत्वपूर्ण नहीं जितना कथा को धारण करना व उसका अनुकरण करना महत्वपूर्ण है। उन्होने कहा कि कलियुग में अपने चरित्र एवं आचरण से





तरावड़ी। मंच से रामकथा का वर्णन करते देवी सुदीक्षा व कथा मे उपस्थित विधायक धर्मपाल गोंदर और उपस्थित श्रद्धालुगण।




भगवान को पा सकते है। ईष्र्या द्वेष से हम ईश्वर की कृपा नहीं पर सकते भले ही कितनी पाठ पूजा क्यों न कर ले। उन्होने कहा कि श्रीराम कथा हमें जीना सिखाती है कि जीवन में कैसी भी परिस्थिति हो विचलित न होकर परिस्थिती का सामना करना चाहिए। भगवान राम का जीवन चरित्र हमें यही सिखाता है कि पग-पग चुनौतियों से भरा रहा है पर उन्होंने अपने विवेक व पुरुषार्थ से हर चुनौती का कुशलतापूर्वक सामना किया। आज की कथा देवी सुदीक्षा ने भगवान राम व केवट का प्रसंग सुनाते हुये कहा कि भगवान अपने भक्तों को कितने प्रिय है भक्त अपने भगवान से मांगने कुछ भी मांगने से पीछे नही हटता। भगवान भी ऐसे भक्तों पर कृपा बरसाते है। आज के कार्यक्रम मे हल्का विधायक धर्मपाल गोंदर भी आर्शीवाद लेने के लिये हाजरी लगाई। कथा के बाद सुशांत सागर एवं रिंकु चुघ द्वारा श्री राम के भजनों का गुणगान किया। समिति की ओर से मंच पर देवी जी का आये सदस्यों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर समिति के सरक्षंक लाला साधु राम सिंगला, ईश्वर चन्द गोयल, बालकिशन त्रिपाठी, नपा प्रधान विरेन्द्र बंसल, पवन अग्रवाल, रविन्द्र सिंगला, राकेश गर्ग, अजय गोयल, मुकेश गोयल, प्रधान अमन शर्मा, विपिन छाबड़ा, संजय रहे।

## एमएचयू के विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण

■ शैक्षिक भ्रमण से होता है छात्रों में बौद्धिक विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के माननीय कुलपति डॉ. एस.के. मल्होत्रा के मार्गदर्शन से द्वितीय और तृतीय वर्ष के स्नातक विद्यार्थियों को प्रभात फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल वर्कर्स कंपनी का भ्रमण कराया गया। कुलपति इस तरह के औद्योगिक अनुभवों को छात्रों के विकास और उनके भविष्य के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण मानते हैं। कुलपति ने कहा कि एमएचयू का फोक्स है कि यहां पर पढने वाले विद्यार्थियों का बागवानी के हर क्षेत्र में संपूर्ण विकास हो। उन्हें हर क्षेत्र में




करनाल। औद्योगिक ईकाई के भ्रमण के दौरान उपस्थित विद्यार्थी व प्रो रंजन गुप्ता।

स्वरोजगार के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध हो। इसी को ध्यान में रखते हुए एमएचयू द्वारा विद्यार्थियों के भ्रमण करवाएं जाते हैं। महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय की छात्र कल्याण निदेशक प्रो. रंजन गुप्ता ने छात्रों के व्यक्तित्व विकास और करियर मार्गदर्शन के लिए यह औद्योगिक दौरे का आयोजन किया ताकि छात्रों को व्यवसायिक जगत में निवेश करने में समर्थन मिले और उन्हें व्यापारिक ज्ञान और सूचना प्राप्त करने का अवसर प्रदान हो। छात्रों को कंपनी के चेयरमैन भूषण गोयल द्वारा बायो फर्टिलाइजर्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरे का संचालन डॉ. सुबरन सिंह और डॉ. उमा प्रजापति ने संयुक्त रूप से किया।

### जनता का आशीर्वाद मनोहर लाल के साथ

**करनाल।** घरौंडा के विधायक एवं करनाल लोकसभा संयोजक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि करनाल लोकसभा की जनता का आशीर्वाद भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल और करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी के साथ है। करनाल की जनता मनोहर लाल और नायब सिंह सैनी को एक बड़ी और रिकार्ड जीत दिलवाएगी। विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि 25 मई को लोकतंत्र का महापर्व है और हर किसी को इसका हिस्सा बनना चाहिए। भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसके शासन में देश सुरक्षित और ताकतवर बना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज पूरी दुनिया में भारत का नाम गूंज रहा है।



करनाल। बैठक में उपस्थित एसोसिएशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### बीजेपी के खिलाफ सरपंचों का ऐलान

**करनाल।** सरपंच एसोसिएशन की बैठक सोमवार को जाट भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रणबीर सिंह समैन ने की। करनाल लोकसभा क्षेत्र के सभी 15 ब्लाकों से ब्लाक प्रधान मीटिंग में मौजूद रहे। विचार विमर्श के बाद एलान किया गया कि सरपंच एसोसिएशन पूरे हरियाणा में भाजपा उम्मीदवारों का विरोध करेगी। इंडिया गठबंधन को समर्थन देने का एलान भी किया गया। खासतौर पर पूर्व में मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल को करनाल से हराने की बात कही गई। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष रणबीर सिंह समैन, करनाल जिला प्रधान रत्न सरपंच नली, प्रदेश प्रवक्ता सुधीर बुआना, प्रदेश महासचिव ईशम सिंह जांबा व भूपिंद्र सिंह लाडी ने कहा कि भाजपा-जजपा की गठबंधन सरकार ने सरपंचों से उनके हक छीनने का काम किया। स



करनाल। सुमन सैनी का स्वागत करते उपस्थितजन। फोटो : हरिभूमि

### भाजपा ने बढ़ाया महिलाओं का मान

**करनाल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी नायब सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि पिछले 10 सालों में भाजपा ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बेहतरीन कार्य किए हैं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेकों योजनाएं चलाई हैं जिनसे आज पूरे देश में महिलाएं पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हैं यह केवल मोदी की नीतियों का परिणाम है। सुमन सैनी सेक्टर-4 में अमित जैन, सेक्टर-6 में रंजू व अलका चौधरी के निवास पर पहुंची और भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने करनाल लोकसभा से मनोहर लाल और करनाल विधानसभा से नायब सैनी के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। जनसभा में मौजूद सभी लोगों एवं महिलाओं ने एकजुट होकर कहा कि वह करनाल विधानसभा उप-चुनाव से मुख्यमंत्री नायब सैनी एवं लोकसभा से मनोहर लाल को भारी मतो से जिताकर भेजेंगे।




### सुप्रसिद्ध लाहौरिया ज्वेलर्स ने सिल्वर जुबली मनाकर ग्राहकों को बाटें लाखों रूपये के इनाम

**तरावड़ी।** तरावडी के सुप्रसिद्ध लाहौरिया ज्वेलर्स ने अपने दुकान की सिल्वर जुबली मनाकर ग्राहकों को लाखों रुपए के इनामों की बौछार की। रविवार को हुये एक कार्यक्रम मे अग्रवाल धर्मशाला में लाहौरिया ज्वेलर्स के मालिक सुबोध गोयल द्वारा उनकी दुकान से सोने की खरीद पर लक्की कूपन वितरित किए गए थे। ग्राहको बुलाकर इस कार्यक्रम में ड्रा के द्वारा लाखों रुपए के इनाम निकले गए हैं। जिसमें एक एक्टिवा स्कूटर अमित जैन, एक आटोमेटिक वॉशिंग मशीन भूपिन्द्र कौर अम्बाला, एक एलईडी भोला चौहान के विजेता रहे इनके अलावा प्रेस, ग्राइंडर, डिनर सेट के अलावा पचास ग्राहकों को सात्वनां पुरस्कार बांटे गए। लाहौरिया ज्वेलर्स मालिक सुबोध गोयल ने विजेताओं को हार्दिक

## हर्षोल्लास के साथ मनाया पृथ्वी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

प्रताप पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्कूल चेयरपर्सन हन्नी चौधरी व निर्देशिका पिथी चौधरी और स्कूल प्रधानाचार्य विकास उत्तेरजा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों द्वारा भाषण, कविता, लघु नाटिक, पौधारोपण ,पृथ्वी का इतिहास आदि गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्कूल विद्यार्थियों के द्वारा पौधारोपण करवाया गया और उन्होनें प्रण लिया कि वे अधिक से अधिक पौधारोपण करेंगे और पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने में




तरावड़ी। प्रताप पब्लिक स्कूल के छात्र कार्यक्रम भाग लेते हुये। फोटो : हरिभूमि

अपना सम्पूर्ण योगदान दंगे। इस अवसर पर स्कूल निर्देशिका पिथी चौधरी ने बच्चों को बताया कि 22 अप्रैल को पूरे विश्व में पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से बदलते मौसम और प्लास्टिक जैसे खतरे के कारण हमारा पर्यावरण दूषित हो रहा है, जिसका सीधा असर पृथ्वी पर पड़ता है। ऐसे में हर व्यक्ति को पर्यावरण बचाने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के नियमों से अवगत कराया तथा वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित करते हुए प्रतिज्ञा दिलवाई कि हम इस पृथ्वी को सभी नकारात्मकताओं और प्रदूषण से बचाएंगे।

## मनोहर लाल को जितानें की अपील

■ मनोहर लाल और नायब सैनी के लिए मतदान की अपील करने करनाल पहुंची मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी नायब सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि मोदी की जो माला है उस माला का एक मोती करनाल का मनोहर लाल है। करनाल लोकसभा की जनता ने मनोहर लाल को अपना आशीर्वाद दे दिया हे। जनता के आशीर्वाद से मनोहर लाल करनाल के सासंद बनकर देश की सेवा करेंगे। करनाल विधानसभा उप चुनाव में करनाल की जनता नायब सैनी को भी अपने




करनाल में संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी नायब सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी।

स्नेह से नवाजेगी और अपना विधायक बनाएगी। मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा प्रत्याशी नायब सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी करनाल के नरसी विलेज में महिला मोर्चा की पूर्व उपाध्यक्ष रमा चौधरी के निवास पर पहुंची। इसके बाद वार्ड-5 संतूर सिटी में श्वेता मेहता व अंसल टाउन में दीपक बरेजा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुई। जगह-जगह पर उनका स्थानीय निवासियों व महिलाओं ने जोरदार स्वागत किया। सुमन सैनी ने लोकसभा चुनाव और करनाल विधानसभा उप-चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। सुमन सैनी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश और प्रदेश में विकास की गति नहीं रूकेगी इसके लिए जनता ने भाजपा को चुना है।



### स्कूल में पंखे भेंट कर मनाया अपना जन्मदिन

**करनाल।** स्थानीय स्कूल राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल प्रेम नगर करनाल में अध्यापिका पंकज का जन्मदिन बच्चों के साथ सामूहिक रूप से मनाया गया। मुख्य शिक्षक रामनिवास सोलंकी ने पंकज के बारे में बताया कि पंकज में कासनडा के राजकीय स्कूल से यहां पर स्थानांतरित हुए ने अपने जन्मदिन पर बच्चों को कुछ देने की बात कही। मुख्य शिक्षक निर्देशन में विद्यालय को अपने निजी कोष से जन्मदिन पर खुश होकर के पांच पंखे दान किये। मेक मुख्य शिक्षक रामनिवास सोलंकी मैं को विद्यालय की तरफ से मोमेंटो और मेडल के सम्मानित किया और जन्मदिन पर ढेर सारी शुभकामनाएं विद्यालय स्टाफ की तरफ से दी गई। इसी मौके पर आज डॉक्टर की टीम डॉक्टर सचिन व डॉक्टर प्रिया प्रातः कालीन सभा में उपस्थित हुए और उन्होंने बच्चों को वह अध्यापकों को दातों के बारे में विस्तार से बताएं। इस मौके पर तेजवीर योगेश शिवकुमार कमलेश हेमलता कांटा अलका सोनिया प्रवीण निशु भारती तमन्ना गीत पंकज पार्वती रजनी आदि शामिल हुए।



करनाल। अध्यापकों को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी सीमा मदान।

### 2600 अध्यापक लेंगे एफएलएन निपुण प्रशिक्षण

करनाल। हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिक अध्यापकों के लिए कक्षा चौथी और पांचवीं तक निपुण हरियाणा मिशन कार्यक्रम के विस्तारीकरण के लिए जिला करनाल में जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल के मार्गदर्शन एवं जिला एफएलएन कोर्डिनेटर विपिन कुमार के नेतृत्व में करनाल जिले के सभी ब्लॉकों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ हुआ। जिला एफएलएन कोर्डिनेटर विपिन कुमार ने बताया कि सभी ब्लॉकों से प्रशिक्षण प्राप्त एबीआरसी, बीआरपी को मास्टर ट्रेनर नियुक्त किया गया है। करनाल जिले के कुल 2600 जेबीटी अध्यापक इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रथम चरण में 4 बैच बनाए गए हैं। प्रत्येक बैच में 40 अध्यापक प्रशिक्षण लेंगे। ब्लॉक करनाल में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एफएलएन निपुण चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रथम चरण में 160 अध्यापक भाग ले रहे हैं। खंड शिक्षा अधिकारी सीमा मदान ने प्रशिक्षण में आए सभी अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अध्यापक मेहनत से बच्चों को निपुण बनाने में सहयोग करें।



### भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ का रक्तदान शिविर 28 को

**करनाल।** भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला करनाल द्वाराआगामी 28 अप्रैल दिन रविवार को सुबह 9 बजे करनाल की जरनैली कालोनी स्थित गजराज अस्पताल मे रक्त दान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस विषय को लेकर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला करनाल की एक बैठक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डा अमित कुमार की अध्यक्षता मे रेलवे रोड स्थित होटल आंगन में चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डा राजेश आनंद एवं डा अशोक कुमार की मौजूदगी में सम्पन्न हुई। चिकित्सा प्रकोष्ठ की इस बैठक में नवनियुक्त जिला संयोजक डॉ अमित कुमार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस बैठक में जिला संयोजक डा अमित कुमार ने बताया कि गजराज हस्पताल के सौजन्य से लगाये जा रहे इस रक्त दान शिविर में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ हरियाणा के प्रदेश संयोजक डॉ विजय दहिया को आमंत्रित किया गया है। इस बैठक में मौजूद भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ अशोक कुमार ने कहा कि भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ का मकसद पीड़ित मानवता की सेवा है और चिकित्सकों की भूमिका मानव सेवा में सदैव अग्रणी रही है।

### शायरों व कवियों ने जमकर लूटी वाहवाही

**करनाल।** जिमखाना कलब करनाल में कारवाने-अदब करनाल (शायरों की अदबी संस्था) की महफिल सजी। जिसमें करनाल तथा आसपास से पधारे कवियों, शायरों तथा सहित्यकारों ने शिरकत की। महफिल के आगाज से पहले सभी ने खड़े होकर राष्ट्रगान गाकर देश में आपसी भाईचारा कायम होने तथा सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यअतिथि कवि कमर रईस सोनीपत रहे। मंच संचालन असंध से पधारे कवि भरत भूषण वर्मा ने किया। आर्शीवचन आचार्य महावीर शास्त्री ने दिये। कृष्ण कुमार निर्माण के हिन्दी काव्य संग्रह 'कविता के बहाने' प्रकाशित होने पर सब ने बधाई दी।इस मौके पर कवि डा. एस. के शर्मा ने सुनाया 'कभी तो प्यार से पलट का देखो हमें, हम भी कभी जवान थे पर खूब तालियां बजीं।

## एस.एम.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में मनाया पृथ्वी दिवस

# पृथ्वी को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ों का करें संरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

एस.एम.एस.मेमोरियल स्कूल में पृथ्वी दिवस बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रार्थना सभा में छात्रों को विशेष रूप से संबोधित किया गया, जिसमें उन्हें इसके महत्व के बारे में बताया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न कविताएं, गीत प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने उत्साह व जोश के साथ भाग लिया। छात्रों को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक सरदार गुरशरण सिंह ग्रेवाल




तरावड़ी। स्कूल के बच्चे कार्यक्रम भाग लेते हुये। फोटो : हरभूमि

ने कहा कि पृथ्वी ही एक ऐसा ग्रह है, जहां जीवन संभव है। परंतु आज के मानव ने अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए इसके संसाधनों का दुरुपयोग कर के नुकसान पर नुकसान किये जा रहा है। उन्होंने बताया कि 1969 में पहली बार फ्रांसिस्को के जॉन मैक्रोनाल नाम के शांति के समर्थक ने पर्यावरण दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा। जिसके बाद दुनिया के 192 देशों ने इस सुझाव को मानते हुए पृथ्वी दिवस मनाना शुरु किया। उन्होंने स्कूल की ओर से पहल करते हुए । इस सप्ताह को पृथ्वी दिवस के रूप में मनाने का संकल्प किया।स्कूल की शिक्षिका ने पृथ्वी पर जल का विनाश, वायु प्रदूषण विकार, मृर्दा प्रदूषण के बारे में बच्चों को बताया। नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा पेड़ पौधों को पानी देकर पर्यावरण के महत्व को समझाया गया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ विभा कौशिक ने जागरूकता सप्ताह पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विद्यालय में विभिन्न क्रियाकलापों के द्वारा छात्रों में प्रकृति के प्रति चेतना का अलख जगाना ही विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि , हम दुनिया के सर्वांगीण, जिम्मेदार नागरिक विकसित करने में विश्वास करते हैं। इसलिए बच्चों को पर्यावरण के प्रति उनकी जिम्मेदारी के बारे में सिखाना महत्वपूर्ण है। हम सभी जानते हैं कि प्राकृतिक संसाधन चिंताजनक दर से कम हो रहे हैं। हमें इसे भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी स्टाफ सदस्यों और छात्र-छात्राओं ने संकल्प लिया कि कम से कम प्रत्येक वर्ष एक पौधा लगाकर उसकी सुरक्षा में देखभाल कर वृक्ष बनाएंगे अपने आसपास के तालाब नदी पोखर एवं अन्य जल स्त्रोतों को प्रदूषित नहीं करेंगे।

**खबर संक्षेप**

### चेक बाउंस के मामले में पुलिस ने भगौड़ा पकड़ा

**पानीपत।** थाना शहर प्रभारी इंस्पेक्टर राजबीर ने बताया कि पुलिस टीम ने चेक बाउंस के मामले में न्यायालय से पीओ घोषित आरोपी रणजीत निवासी घरोंडा करनाल को थाना के पास से गिरफ्तार किया। चेक बाउंस मामले में न्यायालय में निर्धारित तारिखों पर हाजिर नहीं होने पर रणजीत को दिसंबर 2022 में कोर्ट ने भगौड़ा घोषित किया था।

### विवाहिता ने प्रताड़ना से परेशान होकर जान दी

**पानीपत।** पानीपत असंल सुशांत सिटी में मोनिका पत्नी अमित ने ससुरालियों की दहेज प्रताड़ना से परेशान होकर फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। मोनिका की तीन साल की बेटी अपनी नानी के घर रहती थी। जिसे अपने घर लाने के नाम पर पति ने दो लाख रुपए की मांग की थी और पत्नी मोनिमा के साथ मारपीट की। इधर, मोनिका को सास व सुसर भी प्रताड़ित करते थे। इधर, पुलिस ने गुलशन की शिकायत पर पुलिस ने अमित, इसके पिता व माता के खिलाफ मोनिका को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला से पड़ोसी ने किया दुष्कर्म की चेष्टा

**पानीपत।** पानीपत के एक गांव में पड़ोसी महिला के साथ व्यक्ति ने जोर-जबरदस्ती की कोशिश की। महिला ने उससे संघर्ष किया। शोर सुनकर पड़ोसी इकट्ठा हुए और उसे पकड़ लिया। पुलिस को बुलाकर आरोपी को उनके हवाले कर दिया गया। महिला का पति फौज में है। महिला अपने बच्चों के साथ घर पर रहती है। इसी का फायदा उठाने की सोच के साथ आरोपी छत के रास्ते उसके घर में घुस गया और जोर जबरदस्ती करने का प्रयास किया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने तीन दिन की जांच के बाद केस दर्ज कर लिया है।

### मंडियों में 1.90 लाख एमटी गेहूं की आवक

**पानीपत।** रबी फसल खरीद अभियान 2024 के तहत जिला की विभिन्न मण्डियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अब तक जिला में स्थापित किए गए 12 खरीद केन्द्रों व मण्डियों में 189664 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है तथा विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा 168908 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है।
डीएफएससी द्वारा 23451 मीट्रिक टन गेहूं, हैफेड द्वारा 75957 मीट्रिक टन गेहूं, एचडब्ल्यूसी द्वारा 65129 मीट्रिक टन गेहूं, एफसीआई द्वारा 3350 का उठान किया जा चुका है। सरकार की ओर से इस सीजन के लिए गेंहू की खरीद निर्धारित मूल्य 2275 रुपए प्रति क्विंटल

### आईबी कॉलेज को मिली पांच करोड़ की ग्रांट

**पानीपत।** आई.बी. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने महाविद्यालय की विशेष उपलब्धियों के बारे में विवरण दिया। सबसे महत्वपूर्ण बिंदु को रेखांकित करते हुए उन्होंने योजना के अंतर्गत महाविद्यालय को 5 करोड़ की ग्रांट प्राप्ति की घोषणा की। केंद्र सरकार की इस योजना के तहत राज्य सरकार की संस्तुति के साथ पूरे राज्य में केवल 10 महाविद्यालयों को यह ग्रांट मिली है। कुवि से सम्बद्ध सभी सहायता-प्राप्त अराजकीय महाविद्यालयों में से केवल आई.बी. महाविद्यालय का इस योजना के तहत चयन हुआ है।


पानीपत। एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

# पर्यावरण को घना करना हर इंसान का कर्तव्य:डॉ अनुपम

### अब जरूरत है कि हम हमारे ग्रह पृथ्वी में निवेश शुरू करें

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाइयों द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वही, दिनेश गोयल कॉलेज प्रधान ने अपने सन्देश में कहा कि धरती में मौजूद नमी उसे अन्य ग्रहों से अलग करती है क्यूंकि इसी के कारण इस पर जीवन संभव है। उन्होंने पर्यावरण को बचाने के उपायों को सुझाते हुए कि हमें जल का संरक्षण करना चाहिए, पानी का कम से कम उपयोग करना चाहिए, कम प्लास्टिक खरीदनी चाहिए और लंबे समय तक चलने वाले प्रकाश बल्बों का प्रयोग करना चाहिए। ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को भी हमें कम करना होगा।अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाकर हम ऊर्जा बचाने, हवा को साफ करने और जलवायु परिवर्तन से निपटने जैसे कार्य सरलता के साथ कर सकते है। इधर, डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि हम सभी अकसर कहते रहते है कि धरती हमारी मां है। वही यह दुर्भाग्य की बात है कि हम अपनी ही मां का ध्यान नहीं रख रहे हैं। ध्यान तो छोड़िए हम ने तो इसे अपवित्र करना शुरू कर दिया है। कभी प्रदूषण के माध्यम से और कभी इसके तर्कहीन दोहन के कारण हमने धरती को दयनीय अवस्था में पहुंचा दिया है।

पृथ्वी के महत्व को समझते हुए और इसके संरक्षण के लिए पूरे विश्व के लोगों ने एक दिन का चुनाव किया था जिसे अब विश्व पृथ्वी दिवस के नाम से जाना जाता है । उन्होनें कहा कि शेयर मार्किट और बांड्स में तो इंसान ने खूब निवेश किया है परन्तु अब जरुरत है कि हम हमारे ग्रह पृथ्वी में निवेश शुरू करे। अपने स्वास्थ्य, अपने परिवारों, अपनी आजीविका की रक्षा करने के लिए हमें पृथ्वी में निवेश करना ही होगा। हरा-भरा भविष्य ही एक समृद्ध भविष्य है।

**पोस्टर मेकिंग में सौरभ शर्मा प्रथम**

इधर, पृथ्वी दिवस पर आयोजित पोस्टर मेकिंग में सौरभ शर्मा प्रथम, मोहम्मद जाहिद द्वितीय, नेहा तृतीय रही। जबकि नृत्स करने में रोहित प्रथम, ईशा शर्मा द्वितीय, विपिन कुमार तृतीय रहे। इस अवसर पर एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ राकेश गर्ग, प्रो अन्नू आहूजा, डॉ संतोष कुमारी, डॉ एस के वर्मा, डॉ मोनिका खुराना, प्रो वीरेंद्र गिल, प्रो डेनसन डी पॉल, प्रो प्रीती महला, प्रो मणि, प्रो दीप्ति शर्मा, प्रो मीनाक्षी, प्रो किरण मलिक, प्रो मीतु सैनी, प्रो शिवरानी, प्रो महाश्वेता मुखर्जी आदि उपस्थित रहे।

# भीम सर्वसम्मति से बने प्रधान

- हुडा सेक्टर 24 रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन का हुआ चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

हुडा सेक्टर 24 रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन का चुनाव सुखबीर जागलान की अध्यक्षता में राज गुरु पार्क में संपन्न हुआ। जिसमे भीम राणा को सर्वसम्मति से प्रधान चुन लिया गया। भीम राणा के नाम का प्रस्ताव प्रधान कंवल सिंह ने रखा जिसका अनुमोदन पूर्व प्रधान आजाद मलिक तथा पूर्व प्रधान सतीश गुप्ता ने किया। सभी ने हाथ उठाकर भीम राणा के नाम का समर्थन किया। संयोग से भीम राणा का पचावा जन्मदिन है। उनके नाम की घोषणा होते ही सभी सदस्यों ने पुष्प गुच्छ दे, पुष्प माला पहनाकर तथा शाल ओढ़ा कर भीम राणा को बधाई दी। विदित रहे की भीम राणा शहर के प्रसिद्ध उद्योगपति तथा समाज सेवी है। वही, भीम राणा पानीपत डायर्स एसोएिशन के कामयाब प्रधान रहे। इस अवसर पर पानीपत गुर्जर समाज के प्रधान करण सिंह पसीना, संजीव त्यागी सरपंच सनौली, रोशन सैनी, केदार शर्मा, राजकुमार बंसल, देवी सिंह, प्रेम गर्ग, कौशल शर्मा, सोनू सिंह, अशोक छाबड़ा तथा सुरेश जिंदल आदि मौजूद रहे।


पानीपत। हुडा सेक्टर 24 आरडब्ल्यूए के नवनियुक्त अध्यक्ष भीम राणा को मिठाई खिलाते हुए साथीगण। फोटो: हरिभूमि


पानीपत। भाजपाइयों के साथ बैठक करते हुए जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट।

### कांग्रेस के पास उम्मीदवार ही नहीं : भट्ट

**पानीपत।** भाजपा जिला कार्यालय में पदाधिकारियों और पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की। भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और मतदान के बारे में भी चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। इसलिए सभी मतदाता राष्ट्रवाद और लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रवादी पार्टी को ही मतदान करें। उन्होंने कहा कि पार्टी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुख अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे विशाल राजनीतिक पार्टी है। भाजपा में कार्यकर्ता का सबसे सम्मानित स्थान है और किस कार्यकर्ता को कब, किस पद पर आसीन कर दिया जाए, यह पता नहीं लगता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास चुनाव लडने के लिए उम्मीदवार ही नहीं है।

### ब्रह्माकुमारीज के लिए ट्रेनिंग कैंप

**पानीपत।** ब्रह्माकुमारीज के प्रशासन विंग की ओर से ज्ञान मानसरोवर रिट्रीट सेंटर में राष्ट्रीय स्तर पर 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर ब्रह्माकुमारीज के मुख्यालय माउंट आबू से उक्त विंग के समन्वयक बीके हरीश, दिल्ली से वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके पुष्पा,बी के उर्मिल, बीके लक्ष्मी एवं सिरसा से ब्रह्माकुमारी बिंदु बहन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा अनेक राज्यों से इस विंग से जुड़े भिन्न-भिन्न फैकल्टी मेंबर भी ट्रेनिंग में पहुंचे। इधर, बीके पुष्पा दीदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्व शासन के द्वारा ही कुशल शासन संभव है। मौके पर ब्रह्माकुमार हरीश, पानीपत सर्किल इंचार्ज राजयोगिनी सरला, कुमारी परी, नायसा और श्वेता उपस्थित रहे।

# दयाल सिंह स्कूल में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

- अंतर्विद्यालय पोस्टर निर्माण एवं पीपीटी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें 12 स्कूलों के 72 विद्यार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, पानीपत में विज्ञान विभाग की ओर से अर्थ डे यानि पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में अंतर्विद्यालय पोस्टर निर्माण एवं पी.पी.टी. प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. श्रीमती विनीता कुमार तोमर की अध्यक्षता में किया गया। प्रतियोगिता में 12 स्कूलों के 72 विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं, प्रथम शिरनंती मैती डी.पी.एस. रिफाइनरी, द्वितीय सारा सिंह दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, तृतीय वंशिका आर्य गर्ल्ज पब्लिक स्कूल, प्रथम रजत दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, द्वितीय निशांत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल, तृतीय सुशील डॉ. एक.के.के. स्कूल, इधर, पी.पी.टी. प्रतियोगिता में प्रथम दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, द्वितीय पार्थ पब्लिक स्कूल, तृतीय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल रहे। इधर, विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. विनीता कुमार तोमर ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया।


पानीपत। दयाल सिंह स्कूल की प्राचार्य डॉ विनीता तोमर के साथ विजेता विद्यार्थी।

# देशबंधु गुप्ता राजकीय कॉलेज में विजेता पुरस्कृत

- वाद-विवाद प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय की अंजलि व सोनिया प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय के विधि साक्षरता प्रकोष्ठ द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय की अंजलि व सोनिया प्रथम रही। आईबी महाविद्यालय की मोहिनी और कसक द्वितीय स्थान पर रही। एसडी महाविद्यालय के गगन व अनु तृतीय स्थान पर रहे। नारा लेखन प्रतियोगिता में एसडी महाविद्यालय के हर्ष ने प्रथम, राजकीय महाविद्यालय की मोनी ने द्वितीय और आईबी महाविद्यालय के रोहित जोशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में एसडी महाविद्यालय के मोहित कुमार ने प्रथम, गीता महाविद्यालय शेरा के सचिन ने द्वितीय व राजकीय महाविद्यालय मतलौडा की काफी ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय पानीपत के अमन, अंजलि व सोनिया ने प्रथम, एसडी महाविद्यालय के ललित, मोहित और अभिषेक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और गीता महाविद्यालय शेरा की श्वेता, वैशाली और तनवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि निबंध प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय की अंजलि ने प्रथम, गीता महाविद्यालय शेरा की अंतिमा ने द्वितीय व आईबी महाविद्यालय के शंकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में राजकीय महिला महाविद्यालय, मतलौडा की तनिषा ने प्रथम, राजकीय महाविद्यालय की तान्या ने द्वितीय व आईबी महाविद्यालय ब्रह्मद्दजया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में एसडी महाविद्यालय के आयुष कुमार ने प्रथम, आईबी महाविद्यालय की आस्था ने द्वितीय व गीता महाविद्यालय, शेरा की अंजलि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में विजेताओं को निर्णायक मंडल ने प्रमाण पत्र प्रदान किए ।



पानीपत। राजकीय कॉलेज के विजेता विद्यार्थी प्रसन्न मुद्रा में। फोटो: हरिभूमि

# डीपीआईआरओ बांगड को मातृशोक

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत


रामकली।

पानीपत जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी कुलदीप बांगड़ की माता श्रीमती रामकली अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर ईश्वर के चरणों में लीन हो गई है। विदित रहे कि श्रीमती रामकली को सांस लेने में तकलीफ थी जिस कारण उन्हें कई दिन पूर्व करनाल के कल्पना चावला अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां देर रात्रि उन्होंने अंतिम सांस ली। दुख की इस घड़ी में उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया, अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज, पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, एसडीएम मनदीप सिंह, सीटीएम टीनू पोसवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने बांगड़ की माता के मरणोप्रांत उन्हें श्रद्घाजंलि दी व दुख की इस घडी में परमात्मा से उनकी शांति के लिए प्रार्थना की। इधर, सोमवार को बांगड के पैतृक गांव मुबारकाबाद में उनकी मात जी का अंतिम संस्कार किया गया। श्रीमती रामकली के निधन पर जिले भर के पत्रकारों ने शोक प्रकट कर उन्हें श्रद्घाजंलि दी।

# केयूके की मेरिट सूची में छाए आर्य कॉलेज के छह विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पर्यटन विभाग के पांचवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों की मेरिट सूची में स्थान बनाकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने बताया कि पर्यटन विभाग के पांचवें सेमेस्टर में छात्र सागर ने 507 अंक लेकर पहला स्थान, छात्रा सोनिया ने 491 अंक लेकर मेरिट सूची में चौथा स्थान, सना ने 486 अंक लेकर सातवा स्थान, अंजली रानी ने 469 अंक लेकर दसवा स्थान, खुशी ने 466 अंक लेकर ग्यारहवां स्थान प्राप्त किया।

वही एमए अंग्रेजी तृतीय सेमेस्टर मे छात्रा चंदा ने 371 अंक लेकर पन्द्रहवां स्थान हासिल किया। इस अवसर पर प्रो. नवीन, प्राध्यापिका काजल सहित अन्य कॉलेज स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।


पानीपत। आर्य कॉलेज के मेधावी विद्यार्थी प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता के साथ।

### जियो और जीने दो के नारे लगाए

**पानीपत।** समालखा की एस एस जैन सभा की ओर से भगवान महावीर स्वामी जन्म जयंती के उपलक्ष में रविवार को सुबह परभात फेरी का निकाली गई। प्रभात फेरी जैन स्थानक से चलकर पुरानी गुडमंडी, गुलाटी रोड, जैन गली आदि से होती हुई पुरानी जैन स्थानक पर संपन्न हुई। प्रभात फेरी में जैन समाज के लोगों, महिलाओं बच्चों ने भाग लेकर भगवान महावीर स्वामी का संदेश जियो और जीने दो के जयकारे का जय घोष किया। इस अवसर पर एसएस जैन सभा के प्रधान वीर प्रकाश जैन, श्यामलाल मित्तल, कंवर भान गोयल, तिलक राज गर्ग, नीरज गोयल, राकेश जैन, संजय जैन, पवन जैन आदि मौजूद रहे।

**हादसे में दिल्ली के युवक की मौत**

पानीपत। पानीपत में पुलिस लाइन के सामने जीटी रोड पर क्रेन के आगे आ गया और अचानक ब्रेक लगा दिए। जिससे क्रेन, कंटेनर में जा टकराई। हादसे में क्रेन पर सवार अरमान मूल निवासी बिहार हाल निवासी दिल्ली की मौत हो गई।

**सूचना**

मैं, संजय कुमार पुत्र श्री फूलपत सिंह निवासी रसीन, तहसील घरौंडा जिला करनाल बयान करता हूं कि मेरा पुत्र कौशल कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

श्री मनीष जैन सुपुत्र श्री सुरेश चन्द जैन निवासी मकान नम्बर 339 सेक्टर 11 हुडा पानीपत।

**बनाम/जनरल पब्लिक**

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री मनीष जैन सुपुत्र श्री सुरेश चन्द जैन निवासी मकान नम्बर 339 से० 11 हुडा पानीपत ने एक डीड/वसीका पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि सुरेश चन्द जैन सुपुत्र श्री सीताराम जैन का स्वर्गवास दिनांक 3.2.2024 को हो चुकी है। मृतक श्री सुरेश चन्द जैन सुपुत्र श्री सीताराम जैन की मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस दर्शाये गए है तथा श्री विजय जैन पूर्व पार्षद वार्ड न० 26 नगर निगम पानीपत व हल्का पटवारी लेखराज पटवारी ने भी अपनी रिर्पोट में इन्हीं वारसान की तसदीक की है व तसदीक के अनुसार निम्न वारिस उत्तराधिकारी है:-1 श्रीमति मीना विधवा 2 सीमा सुपुत्री 3 मनीष 4 वरूण सुपुत्रगण श्री सुरेश चन्द जैन सुपुत्र श्री सीताराम हर चार समभाग।
इनके अलावा अन्य कोई वारिस उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके संबध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व आस को इस इतहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक श्री सुरेश चन्द जैन सुपुत्र श्री सीताराम के बताये गये वारिस उत्तराधिकारी के बाबत किसी व्यक्ति को कोई इक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर अन्दर इस कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथर्यो के आधार पर डीड/वसीका का पंजीकरण कर दिया जायेगा।
यह नोटिस बाबत इतहार आज दिनांक 09.04.2024 को मेरे न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया ।

**सब-रजिस्टरार पानीपत**



# जल, जंगल, जमीन का संरक्षण जरूरी: सुमित्रा

**पानीपत।** जल, जंगल और जमीन को संरक्षण प्रदान करने के लिए आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में विश्व पृथ्वी दिवस पर विद्यार्थी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । समारोह की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य स्वीटी आर्य ने की, यह जानकारी प्रधान सुमित्रा अहलावत ने दी। विद्यालय की छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। वहीं सुमित्रा ने कहा कि जहां भारत के ऋषि मुनियों ने प्राचीन काल से ही पृथ्वी को बचाने के लिए पेड़ काटने पर रोक लगाने और अधिक पौधा रोपण करने का संदेश दिया।

**समारोह में बच्चों के प्राथमिक शिक्षा में प्रवेश की बेला को स्मरणीय बनाया**

# प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों ने किया धमाल

- प्रधानाचार्या, उपप्रधानाचार्या व मुख्य अध्यापिका ने बच्चों को विधिवत गाउन और कैप पहनाकर टाइटल डिग्री के रूप में दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल में केजी कक्षा के बच्चों की कन्वोकेशन सेरेमनी आयोजित की गई। समारोह के माध्यम से बच्चों के प्राथमिक शिक्षा में प्रवेश की बेला को स्मरणीय बनाया गया। प्रधानाचार्या, उपप्रधानाचार्या व मुख्य अध्यापिका द्वारा बच्चों को विधिवत गाउन और कैप पहनाकर टाइटल डिग्री के रूप में दिए गए। इस अवसर पर प्री. नर्सरी, नर्सरी के बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य और पहली कक्षा के बच्चों ने गायन की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनों को आनंदित किया। वही, वाइस चेयरमैन कार्तिक शर्मा ने अभिभावकगण व बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सेरेमनी बच्चों के हौसलों को बढ़ाने व उनके अगले पड़ाव में प्रवेश करने के उद्देश्य से की गई है।। जबकि अभिभावाकगण बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखकर भाव-विभोर हो उठे।


पानीपत। प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी शुभम को गिरफ्तार किया है। अब आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लिया है। कृष्णा नगर के परीक्षित वैध ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने उसके घर से गहने, नकदी, एलइडी टीवी व अन्य सामान चोरी कर लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### अधिकारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**अंबाला।** जिला नर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शालीन ने कहा कि ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से पीठासीन अधिकारियों एवं वैकल्पिक पीठासीन अधिकारियों की पहली रेंडमाइजेश का कार्य कर दिया गया है। इस प्रक्रिया के तहत 2212 अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया 24 अप्रैल से प्रशक्षिण देने का काम किया जाएगा चुनाव का सफलतापर्वूक आयोजन करवाया जा सके।

### चुनाव को लेकर 24 को होगी मास्टर ट्रेनिंग

**अंबाला।** लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिगत अतिरक्ति उपायुक्त अपराजिता ने मास्टर ट्रेनरों के साथ अपने कार्यालय में 24 तारीख को होने वाली पीठासीन अधिकारियों की ट्रेनिंग को लेकर एक बैठक ली। यह ट्रेनिंग जीआरएसडी वरष्ठि माध्यमिक वद्यिालय, एसए जैन वरष्ठि माध्यमिक वद्यिालय, मुरलीधर डीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में व राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल पुलिस लाइन में होगी। ये ट्रेनिंग दो सेशन में होगी।

### मंदिर से लौट रहे बाईक सवार को मारी टक्कर

**बराड़ा।** मंदिर से माथा टेककर वापिस आ रहे बाईक सवार को कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित राजकुमार वासी करनाल कॉलोनी ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि उसकी राजौली रोड़ पर जूतों की दुकान है। 9 अप्रैल को वह अपनी बाईक पर सवार होकर दोसडक़ा रोड़ पर हुनमान मंदिर में गया जब वह माथा टेककर वापिस लौट रहा था तो किड्स गार्डन स्कूल के सामने एक कार ने उसकी बाइक को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाईक सवार कार की छत से होता हुआ कार के पीछे सडक़ पर जा गिरा। दुघर्टना में उसे काफी चोंटे आई जिसका अभी तक पंचकुला के एक निजी अस्पताल में इलाज चला। कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट में तीन महिलाएं घायल

**कैथल।** गुहला पुलिस ने मारपीट का एक मामला दर्ज किया है। इस संबंध में गांव चाणचक की कृष्णा देवी ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 20 अप्रैल को रंजिश को लेकर गांव के ही चरणजीत, गोपी, विक्की, सरजीत, ज्ञान, राणा, रिंकू, पवन, संदीप सरपंच, मानक, अशोक, हिंदा, साबू, गुड्डू देवी, और परी देवी ने मिलकर ईंटों से हमला करते हुए उसे पोली देवी और बचनी देवी को घायल कर दिया।

### रिश्तेदार बन लगाया पांच लाख का चूना

**जींद।** खुद को दूर का रिश्तेदार बता जानकार का इलाज कराने में रुपयों की जरूरत बता पांच लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी को भगा ले जाने के आरोप में मामला दर्ज

**कैथल।** सीवन सरकारी अस्पताल के निकट से एक 17 वर्षीय किशोरी को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। सीवन के व्यक्ति ने शिकायत में आरोप लगाया है कि 21 अप्रैल को अज्ञात उसकी 17 वर्षीय बेटी को शादी का झांसा देकर फुसलाकर भगा ले गया। उसने उनकी आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चल बाद में उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी।

---

पृथ्वी दिवस पर पौधों को संरक्षित रखने का लिया संकल्प

# रंगारंग प्रस्तुतियों से पृथ्वी को बचाने का दिया संदेश

पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में नर्सरी विंग की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुति देते नन्हे छात्र। फोटो : हरिभूमि

पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के नर्सरी विंग में महात्मा हंसराज का 160 वां जन्मदिन और अर्थ-डे मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को महात्मा हंसराज के सिद्धांतों के विषय में बताया गया कि उन्होंने आर्य समाज के मार्गदर्शक सिद्धांतों का प्रतिपादन किया, जिसमें सबसे प्रमुख था, शिक्षा का प्रसार। उनका मानना था कि इससे पूरे देश में जागृति आएगी। हर साल 22 अप्रैल को दुनिया भर में पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। बच्चों को बताया गया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों के भीतर पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने और धरती को बचाने के लिए हो रहे प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर नन्हे बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जिसमें जहां कुछ बच्चों ने महात्मा हंसराज के द्वारा किए गए कार्यों को अपने भावों के अनुसार प्रस्तुत किया। इसे सभी ने ध्यान से सुना और उसका महत्व समझा।

#### पेड़ों को सुरक्षित रखने का दिया संदेश

इस अवसर पर नन्हे नर्सरी के बच्चों ने फैंसी ड्रेस के माध्यम से धरती को किस तरीके से हम नुकसान पहुंचा रहे हैं यह बताया। उन्होंने बताया कि कैसे हमें प्लास्टिक का इस्तेमाल न करके और ज्यादा से ज्यादा पेड़ों को लगा कर हम पृथ्वी को सुरक्षित रख सकते हैं।

सेव अर्थ पर बच्चों ने धरती पर फैलाई जा रहे प्लास्टिक और पेड़ों को काटने से संबंधित सॉन्ग पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसमें बच्चों ने बताया कि प्लास्टिक की वजह से और पेड़ काटने की वजह से हमारी धरती का जो संरक्षण है वह खतरे में है इसलिए इसे हमें बचाना है। इसका हमारे जीवन पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है, यह भी उन्होंने अपने डांस के माध्यम से बताया। इस अवसर पर नन्हे नर्सरी के बच्चों ने फैंसी ड्रेस के माध्यम से धरती को किस तरीके से हम नुकसान पहुंचा रहे हैं यह बताया। उन्होंने बताया कि कैसे हमें प्लास्टिक का इस्तेमाल न करके और ज्यादा से ज्यादा पेड़ों को लगा कर हम पृथ्वी को सुरक्षित रख सकते हैं। इस कार्यक्रम में बच्चों का जोश हुआ उत्साह देखते ही बनता था और यूकेजी के बच्चों ने सेव अर्थ से सम्बंधित सॉन्ग पर बहुत सुंदर प्रस्तुति दी जिसे सभी ने सराहा। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सरहाना की और स्वामी हंसराज जी के बताए गए मार्ग पर चलने के लिए बच्चों को प्रेरित और प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए ताकि हमें ऑक्सीजन मिलती रहे और प्लास्टिक बैग की बजाय कागज के बने हुए कैरी बैग को प्रयोग करना चाहिए। इन छोटे प्रयासों से हम अपनी धरती की रक्षा कर सकते हैं।

---

# 11 जोड़ों की ओर से विधिवत ढंग से किया गया रामायण पाठ का पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा। कार्यक्रम में शामिल श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

उपमंडल के गांव अधोया में स्थित दक्षिणमुखी श्री पंचमुखी हनुमान व खाटू श्याम मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व के उपलक्ष्य में रखे गए अखंड श्री रामायण पाठ का पूजन 11 जोडों द्वारा विधिवत रूप से किया गया। पंचामृत से पंचमुखी हनुमान का स्नान किया गया व पंडितों द्वारा मंत्रोच्चारण किया गया। मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्री रामायण पाठ का विधिवत भोग डाला जाएगा व कीर्तन भजन होगा तत्पश्चात दोपहर 12 बजे से भंडारे का वितरण किया जाएगा। समिति के पदाधिकारी मुकेश गर्ग व रविंद्र शर्मा ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी हनुमान जन्मोत्सव बडी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर पंडित सुदर्शन , जतिन पंडित, विकास पंडित, घनश्याम शर्मा,बृजेश बंसल, अनुकूल गर्ग, कैलाश कुमार नंबरदार, सरपंच वीना रानी, श्याम कुमार, रमेश मेंहदीरता, अनिल अलावादी, संदीप गोयल, अनिल अग्रवाल, संजीव गर्ग, पवन कुमार, कंवर पाल सिंह, जोनी गोयल, राजकुमार शर्मा, अनुज रावत, जरनैल सिंह, दलीप सिंह व मातृशक्ति उपस्थित रहे।

### छात्रों ने धरा संरक्षण की शपथ ली

**नारायणगढ़।** सोमवार को डीएवी पब्लिक (सीनियर सेकेंडरी )विद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया जिसमें कक्षा तीसरी से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । विद्यार्थियों ने विशेष प्रार्थना सभा में धरा संरक्षण की शपथ ली । विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आर.पी. राठी की अध्यक्षता में पर्यावरण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियाँ करवाई गई ,जिसमें कक्षा तीसरी -चौथी में कविता लेखन, पांचवीं-छठी में पेंटिंग,सातवीं-आठवीं में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, नौवीं-दसवीं में पेपर बैग और ग्यारहवीं-बारहवीं में पौधारोपण करवाकर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।



बराड़ा। कैप्शन पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन करते स्टाफ व अन्य।

### छात्रों को पुस्तकें पढ़ने के लिए किया प्रेरित, पुस्तक प्रदर्शनी में रखी गई कई विषयों पर आधारित किताबें


**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में पुस्तक प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में हिंदी पंजाबी, अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान अध्यात्म ,गांधी , नेहरु और सामान्य पुस्तक जैसे स्वास्थ्य, खानपान, फैशन आदि से संबंधित पुस्तकों का अवलोकन किया गया। डॉक्टर इंदु विज ने पुस्तक प्रदर्शनी में कॉलेज छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य सभी को अलग-अलग पुस्तकों से अवगत कराना है क्योंकि हमें अपने विषय के अलावा अन्य विषयों का भी ज्ञान होना चाहिए। इसी के साथ सीमा सैनी ने भी पुस्तक प्रदर्शनी के महत्व को बताया कि हमें सभी विषयों से संबंधित पुस्तकों का ज्ञान होना चाहिए। पुस्तक पढना एक अच्छी आदत है।

---

# कांग्रेस ने की 'मेरा झंडा मेरा गौरव' अभियान की शुरूआत

- शहर के साथ अब ग्रामीण एरिया में भी कांग्रेस की ओर से लगाए जाएंगे झंडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



कार्यकर्ताओं के घर पर कांग्रेस का झंडा लगाते हुए चेतन चौहान व अन्य नेता।

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव चेतन चौहान ने सोमवार को मेरा झंडा मेरा गौरव अभियान की शुरुआत की है। शहर के सिंघावाला क्षेत्र से मुहिम का आरंभ किया गया। उन्होंने यहां अनेक घरों की छतों पर कांग्रेस के झंडे लगाए गए। इस अभियान के तहत अब अंबाला शहर विधानसभा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पार्टी से जुड़े लोगों के घरों की छतों पर पार्टी के झंडे लगाए जाएंगे। मेरा झंडा मेरा गौरव मुहिम को आगे बढ़ाया जाएगा। दरअसल लोकसभा चुनावों के बीच कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव चेतन चौहान ने अंबाला शहर विधानसभा में पार्टी कार्यकर्ताओं में नई उर्जा का संचार करने के उद्देश्य से इस कैंपेन का आगाज किया है। सचिव के अनुसार इस मुहिम के तहत शहर के हर वार्ड को कवर किया जाएगा और साथ ही ग्रामीण इलाकों में भी इसे चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में हर जगह प्रधानमंत्री मोदी के ख़िलाफ़ लहर है। हर लोकसभा में भाजपा प्रत्याशियों का विरोध हो रहा है। विशेष रूप से प्रदेश में जनता का केंद्र के साथ साथ प्रदेश की सरकार से भी मोह भंग हो चुका है। उन्होंने कहा कि इस बार बदलाव तय है और इसके लिए घर घर जाना होगा जिसमें ये मुहिम बड़ी भूमिका निभाएगी। चौहान ने यहां लोगों से बातचीत में बताया कि कांग्रेस पार्टी वादे नहीं कर रही बल्कि इस बार जनता को गारंटी कार्ड दिया है जिसमें किसान, कमेरे, युवा, महिला, व्यपारियों समेत हर वर्ग को उनकी हितों के कामों की गारंटी दी गई है। उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि इस बार आप हाथ के निशान पर वोट देकर कांग्रेस को सत्ता में लाए और यही हाथ अब देश – प्रदेश के हालात बदलेगा। इस दौरान सरपंच हरदेव सिंह, अवतार सिंह, हरिंदर मान, देविंद्र धीमान, बलबीर धीमान, हिम्मत, नीरज प्रजापति, सन्नी, पंकज, अरुण, सुखप्रीत, गुरप्रीत, रविंदर रिंकू, स्वर्ण धीमान बंटी सचिव प्रदेश यूथ कांग्रेस, धर्मपाल दौदपुर, विक्की राणा, गौरव, एडवोकेट अंकित, रॉकी गर्ग, खुशबीर वालिया, प्रीतपाल अंटाल मौजूद रहे।



प्रशाद बांटते बिजली कर्मचारी।

### बिजली कर्मचारियों ने मीठे चावल का प्रसाद बांटा

नारायणगढ़। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम परिचालन मंडल व उपमंडल के अंतर्गत शिकायत केंद्र के समस्त कर्मचारियों ने साथियों व क्षेत्रवासियों की सुख शांति के लिए श्री मारकंड्रेय के पर माथा टेक कर मीठे चावल का प्रशाद बांटा तथा सभी के मंगलमय जीवन की सुख -शांति के लिए भगवान से प्राथना की। इस अवसर पर एसडीओ निर्मल सिंह , जेई संजीव कुमार, इंचार्च अरुण कुमार, लाईन मैंन विनय कुमार, कमल धीमान (मोनू), चरण सिंह गुज्जर, संदीप सैनी, बिंटू सैनी, मोनू कश्यप, गुलशन, अजय इत्यादि कर्मचारी मौजूद रहे।

---



कैथल। स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

### असला उपलब्ध करवाने का आरोपित पुलिस रिमांड पर

**कैथल।** गुहणा गांव में एक युवक पर फायरिंग कर कातिलाना हमला करने के मामले में मुख्य आरोपियों को असला अमुनेशन उपलब्ध करवाने वाले आरोपी के स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट पुलिस ने काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गुहणा निवासी सुमित की शिकायत अनुसार 8 अप्रैल को निवासी मंदीप उर्फ फौजी व साथी ने उसको जान से मारने की नियत से पिस्टल से फायर किए। जिस बारे विभिन्न धाराओं के तहत थाना सदर में मामला दर्ज किया गया था। प्रवक्ता ने बताया कि एसपी उपासना के आदेशानुसार मामले की जांच स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी एसआई रमेश की अगुवाई में एचसी तरसेम सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी मियां बस्ती चीका निवासी अजय सिंह उर्फ अज्जु को सफीदों जिला जींद से काबू कर लिया गया। उक्त मामले में पुलिस द्वारा मुख्य आरोपियों सहित 6 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उक्त मामले में आरोपियों को असला अमुनेशन अजय द्वारा उपलब्ध करवाया गया था।

### व्हाट्सएप पर लिंक भेज महिला से 51 हजार ठगे

**जींद।** साइबर थाना पुलिस ने व्हाट्सअप पर लिंक भेज कर प्रोडक्ट बेच कर मुनाफा कमाने के चक्कर में महिला को 51 हजार रुपये की चपत लग गई। साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में मुआना निवासी महिला मोनू कुमारी ने कहा कि 12 जनवरी को उसके व्हाट्सअप मोबाइल नंबर पर लिंक प्राप्त हुआ। लिंक पर उसने क्लिक किया तो टेलीग्राम आईडी ओपन हो गई। जिस पर उसको कुछ प्रोडक्ट खरीदने की बातचीत की हुई। उसके बाद टेलीग्राम आईडी पर आरोपित महिला को कुछ टास्क के बाद टास्क देते रहे। सबसे पहले टास्क पूरा करने के लिए उन्होंने 500 रुपये पेटीएम से यूपीआई आईडी पर जमा करवाए। फिर उसी टास्क में अलग-अलग प्रोडक्ट खरीदने के लिए बोला गया। इस तरह उन्होंने फिर दूसरी यूपीआई आईडी पर अलग अलग ट्रांजेक्शन में उसके एसबीआई बैंक खाता से 38,895 रुपये, एचडीएफसी बैंक से 7352 रुपये तथा पेटीएम से 5220 रुपये जा चुके थे।

# खामियां मिलने पर अधिकारियों को पिलाई डांट

## जिला प्रशासकीय सचिव विकास गुप्ता ने किया नगर परिषद का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। प्रशासकीय सचिव विकास गुप्ता नगर परिषद का निरीक्षण करते।

जिला कैथल के प्रशासकीय सचिव विकास गुप्ता ने सोमवार को नगर परिषद परिसर का दौरा कर औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में एसीएस ने परिसर में बने कार्यालयों की शाखाओं में पहुंचकर जांच की। निरीक्षण को लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के बाद विकास गुप्ता ने नप अध्यक्ष सुरभि गर्ग एवं पार्षदों के साथ बैठक की। इस बैठक पार्षदों ने पार्किंग और सिटी स्कवेयर का काम पूरा न होने पर रोष जताया। पार्षदों का कहना था कि पार्किंग का निर्माण न होने से शहर में जाम की समस्या है। इसकी अनुमति मुख्यालय की ओर से नहीं दी जा रही है। वहीं, शहर के ड्रीम प्रोजेक्ट सिटी स्कवेयर का काम काफी ढीला होने पर अपना रोष भी जताया।

#### भ्रष्टाचार का आरोप

पार्षद सुशीला ने एसीएस को शिकायत दी। सुशीला ने कहा कि आप आए तो यहां पर प्रशासन है। जबकि आम लोगों के लिए प्रशासन ही नहीं होता। सिटी स्कवेयर बन रहा है पिछले कई सालों से अब इसके निर्माण में प्रयोग हो रहा सरिया पर भी जंग लग रहा है। इस पर पार्षद ने कहा कि सफाई व्यवस्था बदहाल है और अन्य कई समस्या भी शहर के लोगों को होती है। इस दौरान एसीएस के सामने पार्षद लाल पीले हो गए। उन्होंने शहर के कचरा उठान में भी भ्रष्टाचार का आरोप लगाया और इसकी निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की। इस पर विकास गुप्ता ने डीएमसी सुशील कुमार को समस्या का समाधान करने के लिए निर्देश जारी किए।

---

# चित्रा-वज्र नक्षत्र में आज श्रद्धा से मनाई जाएगी हनुमान जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इस बार हनुमान जयंती के दिन मंगलवार है और मान्यताओं के अनुसार जिस दिन हनुमान का जन्म हुआ था, उस दिन भी मंगलवार ही था। इसके साथ ही जिस चित्रा नक्षत्र में हनुमान जी का जन्म हुआ था, यही नक्षत्र भी हनुमान जयंती के दिन यानी के इस बार मंगलवार को रहेगा। इसके अलावा वज्र नामक योग भी इस दिन होगा। शास्त्रों में ऐसा विधान है कि इस दिन बल, बुद्धि और विद्या का वर देने वाले बजरंगबली को प्रसन्न करने के लिए भक्त व्रत रखते हैं और विधिविधान से उनकी पूजा करते हैं। वहीं धार्मिक संगठनों द्वारा भी हनुमान जयंती को लेकर जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा हनुमान चालीसा के पाठ भी हिंदू संगठनों द्वारा आयोजित किए जाएंगे।

#### ये रहेगा पूजा का शुभ मुहुर्त

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि पंचांग के अनुसार हनुमान जी का जन्म चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को हुआ था। साल 2024 में पूर्णिमा तिथि 23 अप्रैल को तीन बजकर 25 मिनट से शुरू होगी और 24 अप्रैल को सुबह पांच बजकर 18 मिनट तक रहेगी। उद्यातिथि की मान्यता के अनुसार हनुमान जयंती 23 अप्रैल को मनाई जाएगी। हनुमान जयंती पर पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह नौ बजकर दो मिनट से 10 बजकर 40 मिनट तक रहेगा। इसके अलावा अभिजीत मुहूर्त 11.53 मिनट से 12 बजकर 46 मिनट तक रहेगा।

---

संगठन मंत्री ने मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं की ली बैठक

# लोकसभा चुनाव में भाजपा लगाएगी जीत की हैट्रिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



भाजपा कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेते हुए संगठन मंत्री व अन्य।

भाजपा के संगठन मंत्री फणींद्रनाथ शर्मा ने अंबाला शहर विधानसभा के मंडल स्तर के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक ली। बैठक में शर्मा ने लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति व बूथ प्रबंधन आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की। संगठन मंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सभी को एकजुट होकर हर एक बूथ को बड़े मार्जिन से जिताना है। शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत करें। उन्होंने कहा कि जनता के समर्थन और कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर भाजपा की जीत की हैट्रिक लगना तय है। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी बूथ पर बनी प्रबंधन समिति, त्रिदेव के सदस्यों व आम जनता के बीच सक्रिय संवाद रखें। उन्होंने कहा कि पन्ना प्रमुख भाजपा संगठन की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। लोकसभा चुनाव में शक्ति केंद्र प्रमुख, केंद्र पालक आदि सभी एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया को प्रचंड बहुमत से जिताने का काम करें। भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ताओं के दम पर ही लगातार चुनाव जीतती आ रही है। सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत और आम जनता के आशीर्वाद से मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि आप लोगों की मेहनत के दम पर प्रदेश में दस के दस कमल खिलने तय है।कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए संगठनमंत्री शर्मा ने कहा कि 25 मई को लोकसभा चुनाव होना है। इसके लिए सभी पदाधिकारियों को अभी से जुट जाना है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने आज देश को विश्व के विकसित देशों के कतार में खड़ा किया है। मोदी के नेतृत्व में देश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। भाजपा का लक्ष्य आम लोगों की सेवा करना है। गरीबों, युवाओं, अन्नदाता, महिलाओं के लिए मोदी सरकार द्वारा चलाई गई योजनाएं लोगों के घर-घर तक पहुंची है। मोदी की गारंटी पर जनता को विश्वास है। इसलिए सभी कार्यकर्ता लोगों से संपर्क कर उन्हें भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करें।